1

प्राकृतिक सुषमा

• कविता •

अँधियारा	झिलमिल	प्रकृति	कलरव	सुषमा	इंद्रधनुषी

आसमान पर चमका सूरज, दूर हुआ अँधियारा
चंदा ने नभ को आकर, दिया रूप इक प्यारा,
झिलमिल-झिलमिल तारे आए चमकीले-चमकीले
आसमान पर छाए देखो कितने नीले, पीले।

नदियाँ बहतीं, झरने झरते
रंग-बिरंगे पुष्प हैं खिलते,
विविध तरह के फल-फूलों से
प्रकृति के सुंदर रंग झलकते।

चारों ओर लताएँ छाईं, वृक्ष झूमने वाले
ऊँचे-ऊँचे पर्वत हैं आकाश चूमने वाले,
चिड़ियों के सुमधुर कलरव से गूँज उठी है धरती
छाई रहती ऐसी सुषमा प्रकृति सदा ही हँसती।

इन सबसे ही लगती हमको दुनिया इतनी प्यारी
इंद्रधनुषी रंगों में रँग दी विधि ने लीला न्यारी।



शिक्षण संकेत

- कविता के माध्यम से बच्चों को प्राकृतिक सुंदरता से परिचित कराएँ।
- इस कविता पर आधारित अनेक गतिविधियाँ बच्चों से कराएँ; जैसे—अपने आस-पास पेड़-पौधे लगाएँ, प्राकृतिक दृश्य का चित्रण कर कक्षा में लगाएँ... आदि।

शब्दकोश

अँधियारा – अँधेरा। **नभ** – आकाश। **विविध** – तरह-तरह के। **प्रकृति** – कुदरत। **लता** – बेल। **कलरव** – पक्षियों की मधुर आवाज़। **सुषमा** – सुंदरता। **विधि** – विधाता, ईश्वर। **न्यारी** – अनोखी।

विशेष : मानक वर्तनी के प्राचीन एवं नवीन रूप

चन्दा – चंदा   रङ्ग – रंग   सुन्दर – सुंदर   इन्द्रधनुष – इंद्रधनुष

समग्र एवं सतत अभ्यास — Summative and Formative Assessment — CCE Based

पाठ बोध

1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: समेटिव असेसमेंट

क. चंद्रमा के आने से आकाश का रूप कैसा हो जाता है? ______

ख. पुष्प धरती को किस प्रकार सजाते हैं? ______

ग. प्रकृति सदा ही हँसती है—ऐसा क्यों कहा गया है? ______

घ. हमें दुनिया इतनी प्यारी किस कारण लगती है? ______

2. सही उत्तर के सामने ✓ लगाइए: MCQs

क. किसके चमकने से अँधियारा दूर होता है?

तारे ☐   सूर्य ☐   प्रकाश ☐   दीपक ☐

ख. प्रकृति के सुंदर रंग किससे प्रकट होते हैं?

वृक्षों से ☐   पर्वतों से ☐   चंदा से ☐   फल-फूलों से ☐

ग. इस कविता का सबसे उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

इंद्रधनुषी रंग ☐   प्यारी दुनिया ☐   प्रकृति के रंग ☐   चाँद और तारे ☐

घ. धरती किसके मधुर कलरव से गूँज उठी है?

भौंरों के ☐   तितलियों के ☐   पशुओं के ☐   चिड़ियों के ☐

3. कविता की इन पंक्तियों को पूरा कीजिए:

क.	ख.
नदियाँ ______________	चारों ओर ______________
______________ खिलते,	______________ आकाश ______________ ,
विविध तरह ______________	चिड़ियों के ______________ धरती
______________ सुंदर ______________ ।	______________ प्रकृति ______________ ।

भाषा एवं व्याकरण

1. दिए संज्ञा शब्दों के लिए उपयुक्त 'विशेषण' और 'क्रियापद' लिखिए:

विशेषण	संज्ञा	क्रियापद	विशेषण	संज्ञा	क्रियापद
चमकीले	तारे	झिलमिल करते	______	पर्वत	______
______	पुष्प	______	______	दुनिया	______
______	रंग	______			

2. इन समानार्थी शब्दों को याद कीजिए:

पृथ्वी	: धरा, धरती, भूमि	**दुनिया**	: विश्व, संसार, लोक
चाँद	: चंद्रमा, शशि, मयंक	**नभ**	: आकाश, आसमान, गगन
पर्वत	: पहाड़, गिरि, भूधर	**नदी**	: सरि, सरिता, तटिनी
फूल	: पुष्प, सुमन, कुसुम	**पक्षी**	: खग, विहग, नभचर

3. कविता से छाँटकर इन शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखिए:

सूर्य – सूरज	अंधकार – ______	सरिताएँ – ______	सुमन – ______
पेड़ – ______	कुदरत – ______	हमेशा – ______	अंबर – ______

रचनात्मक अभ्यास

1. मौखिक उत्तर दीजिए: फॉरमेटिव असेसमेंट

क. अँधियारा कैसे दूर होता है?

ख. आकाश में तारे किस प्रकार चमकते हैं?

ग. कवि ने वृक्षों और पर्वतों को क्या कहा है?

घ. हमें दुनिया कैसी लगती है?

2. दिए गए रंगों को मिलाने पर कौन-सा रंग बनेगा? रंग भरिए और नाम लिखिए: